किसान कल्याण पर खर्च होंगे एक लाख करोड़ : मोहन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 फरवरी । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि कल्याण वर्ष में प्रदेश के किसानों के लिए एक लाख करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान किसान हितैषी योजनाओं के लिये किया गया है। यह प्रदेश सरकार का किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी कल्याण के साथ हम प्रदेश को प्रगति पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना से प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को कृषि कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में ग्वालियर जिले में स्थित भगवान जगन्नाथ की पुण्य भूमि ग्राम कुलैथ में आयोजित हुए विशाल किसान सम्मेलन में हजारों की संख्या में मौजूद किसानों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 87 करोड़ 21 लाख रुपए से अधिक लागत के 41 विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। साथ ही कुलैथ

क्षेत्र के विकास के लिये बड़ी-बड़ी सौगातों की घोषणा भी की। f

किसानों की पट्टों वाली जमीन की अपने खर्चे पर सरकार करायेगी रजिस्ट्री-

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की जमीन के पट्टों की रजिस्ट्री का पूरा खर्च सरकार उठाएगी, इसके लिए बजट में पर्याप्ट धनराशि का प्रावधान किया गया है। इससे किसानों को बैंकों के माध्यम से योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा किसानों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा हर संभव कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के किसानों को सोलर पंप वितरित कर उन्हें बिजली और सिंचाई के मामले में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। बुंदेलखंड की केन-बेतवा लिंक परियोजना का लाभ चंबल क्षेत्र के किसानों को भी मिलने वाला है। चंबल नदी के माध्यम से सिंचाई की सुविधा मिलने से यहां खेतों में फसलें लहलहाएंगी।

कन्हैया लोकगीतों व बैलगाड़ी दौड़ का भी लिया आनंद और पुष्पवर्षा कर किया अभिनंदन

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण करने से जीवन की अनेक कठिनाइयां खत्म हो जाती हैं। बाबा महाकाल ने सभी के जीवन का समय निश्चित किया है, इसलिए समाज कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण पारंपरिक लोक गायकों द्वारा प्रस्तुत कन्हैया लोकगीतों का आनंद भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लिया। उन्होंने मनमोहक कन्हैया लोक गीत प्रस्तुत करने वाले लोक गायकों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन व उत्साहवर्धन किया। लोक गायन में भाग लेने वाली सभी 18 टीमों को 5 - 5 हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसान सम्मेलन स्थल के समीप स्थानीय किसानों द्वारा आयोजित पारंपरिक बैलगाड़ी दौड़ भी देखी। उन्होंने बैलगाड़ी दौड़ में शामिल हुई 28 बैलगाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 5-5 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही बैलगाड़ी दौड़ में प्रथम और द्वितीय पुरस्कार के लिए क्रमशः 21 व 11 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की।

कुलैथ क्षेत्र के लिये बड़ी-बड़ी सौगातों की घोषणा

किसान सम्मेलन में शामिल होने आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुलैथ क्षेत्र को विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें देने की घोषणा की। इनमें डंडे वाले बाबा मंदिर तक एक किलोमीटर लक्की सड़क व ट्रांसफार्मर, भगवान जगन्नाथ मंदिर के दर्शन के लिये आने वाले श्रृद्धालुओं को ठहरने के लिये भवन, युवाओं के लिये खेल मैदान व कुलैथ क्षेत्र में उद्योग की स्थापना शामिल है। साथ ही ग्राम पंचायत सुसैरा, ब्रम्हपुरा, साईंपुरा व ग्राम पंचायत सोजना के बंजारे का पुरा को आबादी क्षेत्र बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस क्षेत्र की महेश्वरा पत्थर खदान को फिर से चालू कराने के लिये राज्य शासन द्वारा भारत सरकार से अनुमति दिलाने के लिये पुरजोर प्रयास करने की बात भी कही।

मुख्यमंत्री हमेशा सौगातें लेकर आते हैं - सांसद कुशवाह

सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर क्षेत्र के लिये हमेशा बड़ी-बड़ी सौगातें लेकर आते हैं। उन्होंने आज भी 87 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगातें दी हैं। साथ ही आज विधानसभा में प्रस्तुत हुए बजट में ग्वालियर क्षेत्र के विकास के लिये लगभग 4 लाख करोड़ से अधिक धनराशि का प्रावधान किया है।

इन हितग्राहियों को सौंपी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसान सम्मेलन में सरकार की किसान हितैषी व अन्य योजनाओं के तहत मुख्य मंच से प्रतीक स्वरूप हितलाभ भी वितरित किए। इनमें उद्यानिकी विभाग की प्रधानमंत्री खाद्य उद्यम योजना के तहत श्री रवि अग्रवाल को सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिये 25 लाख रुपए की सहायता राशि, प्रधानमंत्री कुसुम सोलर योजना के तहत सोलर इकाई के लिये 6 करोड़ 20 लाख, कृषि विभाग के तहत मिनी स्प्रिंकलर के लिये परसराम कुशवाह को 57 हजार की आर्थिक सहायता शामिल है।

एमिटी विवि में उद्यमिता और नवाचारों को मिला प्रोत्साहन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 फरवरी । एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इनोवेशन इनक्यूबेटर के तत्वावधान में तथा ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन और यंग लीडर काउंसिल के सहयोग से 'सृजनोत्सव' 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी के शर्मा, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) एवं कुलगुरु प्रो (डॉ) आर एस तोमर द्वारा विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) विनय द्विवेदी, निदेशक, बायोटेक्नोलॉजी, प्रो. (डॉ.) राघवेंद्र कुमार मिश्रा, चेयरमैन, एमिटी इनोवेशन इनक्यूबेटर तथा श्री मोहित वर्मा, चेयरमैन, वाईएलसी ग्वालियर चैप्टर विशेष रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. तोमर ने विद्यार्थियों को अपने नवाचारी विचारों को उद्यमों में परिवर्तित कर रोजगार सृजन करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि नवाचार समाज की आवश्यकताओं पर आधारित होना चाहिए। प्रो-चांसलर श्री शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुशासन, समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता सफल उद्यमिता की आधारशिला हैं। मुख्य अतिथि अनीशा श्रीवास्तव (आईएएस), कार्यकारी निदेशक, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी), ग्वालियर एवं चंबल संभाग तथा सीईओ, साडा ग्वालियर ने राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहन देने वाली विशिष्ट योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, विशिष्ट अतिथि डॉ मनोज पटवर्धन (एबीवी-आईआईआईटीएम, ग्वालियर) ने पारदर्शिता, नैतिकता और सुशासन को सफल उद्यमिता के महत्वपूर्ण स्तंभ बताया।

दूसरा हेमेटोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी सम्मेलन 21 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 फ़रवरी। रक्त रोगों एवं रक्त कैंसर के क्षेत्र में नवीनतम शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वितीय हेमेटोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी सम्मेलन का आयोजन 21 फरवरी को सयाजी होटल, ग्वालियर में किया जा रहा है। यह जानकारी आज डॉ अशोक मिश्रा और डॉ अशोक राजौरिया ने सयुंक्त रूप स होटल सयाजी में पत्रकारों को दी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष सम्मेलन की थीम हेमेटोलॉजी में सेतु निर्माण: सहयोग, करुणा और उपचार 'रखी गई है, जिसका उद्देश्य हेमेटोलॉजी एवं हेमेटो-ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में कार्यरत

विशेषज्ञों के बीच समन्वय स्थापित कर रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। सम्मेलन के मेंटोर के रूप में डॉ. अशोक मिश्र मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा मानसिक आरोग्यशाला के पूर्व निदेशक, जे. ए. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के पूर्व संयुक्त निदेशक एवं अधीक्षक तथा जीआरएमसी, ग्वालियर में पीएसएम विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। सम्मेलन के प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार राजोरेया, कंसल्टेंट हेमेटो-ऑन्कोलॉजी एवं बीएमटी फिजिशियन, आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल एवं सेंटर, ग्वालियर हैं। उनके नेतृत्व में सम्मेलन का वैज्ञानिक कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें व्यावहारिक केस डिस्कशन एवं आधुनिक उपचार रणनीतियों पर विशेष फोकस रहेगा। इस सम्मेलन में देशभर से प्रख्यात हेमेटोलॉजिस्ट एवं मेडिकल विशेषज्ञ भाग लेंगे और मल्टीपल मायलोमा, थैलेसीमिया, हीमोफीलिया, बोन मैरो डिसऑर्डर्स, आईटीपी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। पैनल डिस्कशन, क्विज़ और इंटरएक्टिव सेशंस इस सम्मेलन की प्रमुख विशेषताएँ होंगी। सम्मेलन की मुख्य अतिथि डॉ. ज्योति बिंदल, कुलपति, श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय, इंदौर होंगी। आयोजकों के अनुसार मध्य भारत में रक्त रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रोगियों की जीवन गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

कृषि मंथन का आयोजन 22 से

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 फ़रवरी। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में 22 से 24 फरवरी तक तीन दिवसीय 'कृषि मंथन' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बदलते कृषि परिदृश्य में नई तकनीकों, नवाचारों और शोध परिणामों को सीधे किसानों तक पहुंचाना है। प्रतिदिन तीन घंटे चलने वाले इस मंथन सत्र में आधुनिक कृषि तकनीक, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण, जैविक एवं समेकित पोषण प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालयों और कृषि विज्ञान

केंद्रों द्वारा प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

प्रदर्शनी में उन्नत बीज, कृषि यंत्र, नवीन शोध उपलब्धियां, जैविक उत्पाद तथा आधुनिक खेती से संबंधित तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे किसानों को व्यवहारिक जानकारी मिल सके। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। तैयारियों की समीक्षा हेतु कुलपति डॉ. अरविंद कुमार शुक्ला ने बुधवार को बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए. तथा सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

लीनेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

ग्वालियर 18 फरवरी. ऑल इंडिया लीनेस क्लब ग्वालियर मेन का शपथ ग्रहण समारोह निजी होटल सिटी सेंटर में आयोजित किया गया। पूर्व एआईएलसी प्रेसिडेंट डॉ. आशा माथुर द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस विकास गंगवाल थे। नई टीम के अध्यक्ष लीनेस गीता शर्मा, सचिव लीनेस शशि शाह बंसल, कोषाध्यक्ष लीनेस रंजना चतुर्वेदी को मनोनीत किया गया। ममता कुलश्रेष्ठ, सलमा कुरैशी और उषा सिकरवार को बोर्ड आफ डायरेक्टर नियुक्त किया गया। रीजन चेयरपर्सन लीनेस डॉ मीरा जैन कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

धूल का गुबार, जानलेवा गड्ढे, हादसों को न्योता दे रही यह उखड़ी सड़क

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 18 फरवरी. मुरार क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों को नगर निगम की सीमा में शामिल हुए अरसा बीत गया, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी बदहाल है। हुरावली चौराहे से सिरौल, डोंगरपुर और नैनागिर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग निर्माण की धीमी

डोंगरपुर रोड निर्माण की कछुआ चाल से जनता बेहाल

रफ्तार के कारण स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है।

धूल और गड्ढों का साम्राज्य

बरसों के इंतजार और स्थानीय लोगों की लंबी मांग के बाद इस

सड़क का निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन वर्तमान स्थिति बद से बदतर है। पूरी सड़क उखड़ी पड़ी है, जिसके कारण दिन भर उड़ने वाली धूल से राहगीरों का दम घुट रहा है और आसपास के घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सड़क पर मौजूद गहरे गड्ढे आए दिन दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने का कारण बन रहे हैं। उड़ती धूल की वजह से क्षेत्र में सांस और आंखों की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

जल्द काम पूरा करने की मांग- क्षेत्र के नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल से राहत मिल सके। यदि समय रहते सड़क का निर्माण पूरा नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में स्थानीय लोग उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दे रहे हैं।

कहने को हम नगर निगम में हैं, लेकिन सुविधाएं गांव से भी बदतर हैं। सड़क का काम शुरू हुए महीनों बीत गए पर रफ्तार इतनी धीमी है कि पैदल चलना भी दूभर है।

मलखान गुर्जर, स्थानीय निवासी

मेरा यहां एक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में ऑफिस है, इसलिए रोज आना होता हैं। धूल मिट्टी से मुझे एलर्जी है लेकिन इन गड्ढो और धूल से गुजरना मेरी मजबूरी है। मैं बस यही चाहता हूं रोड जल्दी बने।

अमित दुबे, प्रॉपर्टी डीलर

रॉन्ग साइड ड्राइविंग से बढ़ता खतरा

सड़क के कुछ हिस्सों में एक तरफ का काम अधूरा होने के कारण लोग अपनी जान जोखिम में डालकर रॉन्ग साइड से वाहन निकाल रहे हैं। इससे सामने से आने वाले वाहनों के साथ भीषण टक्कर होने का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन और ठेकेदार की लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है।

रमजान की तैयारी पूरी , आज से शुरू होंगे रोजे

ग्वालियर 18 फरवरी. पाक और रहमतों का महीना माह-ए-रमजान आज गुरुवार से शुरू होने जा रहा है। इसके मद्देनजर शहर भर की मस्जिदों में साफ-सफाई और सजावट का काम तेजी से किया जा रहा है। नमाजियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं सेहरी और इफ्तार से जुड़ी चीजों की खरीदारी के चलते बाजारों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। खजूर, फल, सूखे मेवे, सेवइयां और रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की दुकानों पर भीड़ बढ़ गई है।मुस्लिम समाज के लोग इस पूरे महीने 30 दिनों तक रोजा रखते हैं और अल्लाह की इबादत में लीन रहते हैं। रोजे की शुरुआत सुबह सेहरी से होती है, जिसमें रोजेदार सूर्योदय से पहले भोजन करते हैं। इसके बाद दिनभर बिना कुछ खाए-पीए सब्र और संयम के साथ रोजा रखा जाता है। शाम को सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ रोजा खोला जाता है। इफ्तार के दौरान परिवार और समुदाय के लोग एक साथ बैठकर दुआ करते हैं और भोजन साझा करते हैं, जिससे आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता मजबूत होती है। इस माह मस्जिदों में विशेष नमाज और दुआओं का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो पूरे महीने जारी रहता है।

PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that my client SH. SURESH CHANDRA JAIN, S/O RAMSWAROOP JAIN, R/O WARD NO. 28, GEETA BHAWAN GALI, GEETA BHAWAN MANDIR KE PASS, BHIND, MADHYA PRADESH-477001 has severed all his ties with SH. NITIN KUMAR S/O SURESH CHANDRA, R/O WARD NO. 28, GEETA BHAWAN GALI, GEETA BHAWAN MANDIR KE PASS, BHIND, MADHYA PRADESH-477001 because of his misconduct and disobedience and debarred him from all their properties. Any one dealing with them will do so at his own risk and cost and my clients shall not be responsible for their actions.

NOMITA BHARDWAJ AND ABHISHEK SHARMA (ADVOCATES)
B-129, B.G.S. BLOCK, TIS HAZARI COURTS, DELHI-110054

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वजन सूचित हो कि मैं, मीना देवी सदाना, पत्नी श्री दीपक सदाना, आयु 40 वर्ष, निवासी ठाकुर बाबा रोड, डबरा, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश (475110) हूं मेरे पति के पासपोर्ट क्र. J2410762 में मेरा नाम मीना सदाना अंकित है, जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि में मेरा नाम मीना देवी सदाना अंकित है जो की सही व सत्य है। अतः मीना सदाना एवं मीना देवी सदाना दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा भविष्य में मुझे मीना देवी सदाना नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।
दिनांक 18/02/2026
E-Stamp Code 0101211702202601552 7

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार धीनराम पुत्र मंगल जाटव निवासी अटेर मिश्रन का पुरा थाना देहात तहसील व जिला भिण्ड का निवासी मेरे पक्षकार के तीन पुत्र विशाल सिंह रूपसिंह, सोनू सिंह है। जिसमें विशाल सिंह प्रथम निवास करता है। तथा मुन्नी वाई मेरे पक्षकार की पत्नी एवं पुत्र रूपसिंह जो कि अविवाहित होकर गूगा होने से मेरे पक्षकार के साथ शामिल सरीक होकर निवास करता है। मेरे पक्षकार का दूसरा पुत्र सोनू सिंह है जो कि अपनी पत्नी अंगूरी के साथ मिलकर घर मे मेरे पक्षकार धनीराम व उसकी पत्नी एवं पुत्र रूपसिंह के साथ में अकारण का गृहक्लेश कर झगड़ा फसाद करता है। तथा दोनों लोग मेरे पक्षकार की पत्नी मुन्नीवाई व पुत्र रूपसिंह को आये दिन गाली गलोज कर झूठे केसों में फंसाने की धमकियां देते रहते हैं। सोनू व उसकी पत्नी अंगूरी का चाल चलन समाज व मेरे पक्षकार की पत्नी व पुत्र रूपसिंहके विपरीत हो जाने से मेरे पक्षकार धनीराम का सोनू व उसकी पत्नी अगूरी से इस सार्वजनिक सूचना के जरिये हर प्रकार के सबंध विच्छेद करते हुये उसे अपनी हर प्रकार की चल अचल सम्पति से वेदखल कर उससे सारे रिस्ते नाते खत्म कर रहा है इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के वाद भी यदि कोई व्यक्ति/फर्म / संस्था मेरे पक्षकार के पुत्र सोनू या उसकी पत्नी अंगूरी से कोई पैसों का लेन देन करती है। या फिर मेरे पक्षकार के पुत्र सोनू व उसकी पत्नी अंगूरी के द्वारा अपराध किया जाता है तो उससे मेरा पक्षकार धनीराम व उसकी पत्नी मुन्नीवाई व पुत्र रूपसिंह का कोई संबंध सरोकार नही होगा। यह सार्वजनिक सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षतिर प्रकाशित करायी जा रही है।
दिनाक...

भवदीय
नीरज श्रीवास्तव एडवोकेट
जिला न्यायालय भिण्ड म.प्र.

जेईई मेन्स 2026 में चांदिल सर क्लासेस का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 फरवरी । जेईई मेन्स 2026 के जनवरी अटैम्प्ट के घोषित परिणामों में चांदिल सर क्लासेस के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर संस्थान एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और सटीक मार्गदर्शन का सकारात्मक परिणाम उत्कृष्ट परसेंटाइल के रूप में सामने आया है। संस्थान के मेधावी छात्र दिलीप रेड्डी ने 99.46 परसेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, वहीं सुमित शर्मा ने 99.05 परसेंटाइल अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त संस्थान के अनेक विद्यार्थियों ने भी उच्च परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी मजबूत तैयारी का परिचय दिया है। इस अवसर पर चांदिल सर क्लासेस के डायरेक्टर बालेंदु चांदिल ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच का परिणाम है। साथ ही, डायरेक्टर बालेंदु चांदिल ने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया जिनका परसेंटाइल अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है और रुकने का समय नहीं है। अप्रैल अटैम्प्ट अभी शेष है, जो स्कोर सुधारने और बेहतर परिणाम प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी कमजोरियों को पहचानें, उन्हें अपनी ताकत बनाएं और अधिक दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी जारी रखें।

आज मनेगी फुलेरा दूज, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 फरवरी. फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर मनाया जाने वाला फुलेरा दूज का पर्व 19 फरवरी को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। द्वितीया तिथि की शुरुआत बुधवार शाम 4.57 बजे से हो होगई और इसका समापन 19 फरवरी को दोपहर 3.58 बजे होगा। उदयातिथि के आधार पर पर्व 19 फरवरी को ही मान्य रहेगा, इसलिए इसी दिन फुलेरा दूज का उत्सव मनाया जाएगा। शास्त्र में फुलेरा दूज को अत्यंत शुभ और अबूझ मुहूर्त वाला दिन माना जाता है। इस तिथि पर विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य बिना पंचांग देखे भी किए जा सकते हैं। मान्यता है कि इस दिन किए गए शुभ कार्यों में विशेष सफलता और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। इसी कारण बड़ी संख्या में परिवार इस दिन अपने मांगलिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

ब्रज क्षेत्र, विशेषकर मथुरा और वृंदावन में फुलेरा दूज का उत्सव अत्यंत भव्य रूप से मनाया जाता है। मंदिरों में श्रीराधा-कृष्ण को फूलों से होली खिलाई जाती है और भक्तगण पुष्प वर्षा के बीच भजन-कीर्तन करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इसी दिन से होली उत्सव की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है, जो आगे चलकर रंगों के पर्व तक उत्साह के साथ जारी रहती है।शहर में भी फुलेरा दूज को लेकर विशेष तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों और संस्थाओं द्वारा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधेंगे।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा रूपवती पत्नि श्री बलवीर ने उक्त अचल सम्पत्ति भवन स्थित जौराखुर्द जिला मुरैना मे है। जो कि सर्वे क्र. 1858/10 का भाग 800 वर्गफुट है। जिसका म्यु. वार्ड क्र. 47 है, जो मेरी पक्षकारा की क्रयशुदा सम्पत्ति है। मेरी पक्षकारा के द्वारा क्रयशुदा सम्पत्ति की चतुरसीमा निम्नानुसार है:-पूर्व में-प्लॉट सम्पत्ति रूपवती, पश्चिम में-प्लॉट संजय शर्मा, उत्तर में-रोड, दक्षिण में- रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के पूर्व विक्रेता श्रीमती रामकलीदेवी पत्नि श्री गिर्राज द्वारा अचल सम्पत्ति भवन मेरी पक्षकारा के विक्रेता सुशील सिंह तोमर पुत्र श्री समशेर सिंह तोमर को विकित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या पूर्व विक्रेता के सहभागीदार श्रीमती सुनेशा पत्नि श्री दिलीप सिंह, श्रीमती रजनी शर्मा पत्नि श्री मनोज शर्मा एंव श्रीमती मधु भदौरिया पत्नि श्री प्रमोद सिंह को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकार अचल सम्पत्ति भवन जिसका कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट पर हाउसिंग लोन की सुविधा पीरामल फायनेंश लिमिटेड सिटी सेन्टर ग्वालियर से आवंटित करा रही है, जो सुचित हो ।
दिनांक-18.02.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शीला बाथम पत्नी श्री गोपाल बाथम के स्वत्व स्वामित्व की उक्त अचल संपत्ति भवन जो कि मोहल्ला रेती फाटक परगना व जिला ग्वालियर म.प्र. में स्थित है। जिसका म्यु भवन क्रमांक 883 एवं वार्ड क्रमांक 14 है। जिसकी वर्तमान चतुरसीमा निम्न प्रकार है। पूर्व में -रास्ता 15 फुट पश्चिम में भवन राम रतन बाथम, उत्तर में भवन श्री गोपाल बाथम, दक्षिण में भवन नारायणी / माधौ सिंह बाथम है। जिसका कुल क्षेत्रफल 337.6 वर्गफूट यानि 31.37 वर्गमीटर है। उक्त वर्णित संपत्ति मुझ पक्षकार श्रीमती शीला बाथम पत्नी श्री गोपाल बाथम की क्रय शुदा संपत्ति है। और पक्षकार के विक्रेता श्री राम रतन बाथम एवं उनके भाई श्री गोपाल बाथम पुत्रगण श्री हरिराम बाथम ने उक्त वर्णित संपत्ति को जरिये रजिस्टर्ड बागुजास्ती पत्र जिसका रजिस्टर्ड क्रमांक 1435 ग्रन्थ कमांक 4612 दिनांक 05.09.1983 के द्वारा उक्त संपत्ति को प्राप्त किया था। जिसमें से श्री रामरतन बाथम ने अपने हिस्से की अविभाजित संपत्ति में से 31.37 वर्गमीटर को मुझ पक्षकार को विक्रय कर दिया था। उक्त संपत्ति क्रय करने के पश्चात मुझ पक्षकार के स्वत्व स्वामित्व एवं आधित्पय में वहैसियत संपत्ति स्वामी दर्ज होकर चली आ रही है। यहकि विक्रीत की गई संपत्ति पर श्री गोपाल बाथम पुत्र श्री हरिराम बाथम एवं उनके वारिसानो को किसी प्रकार की कोई उज्र या आपत्ति उत्पन्न होती या किसी प्रकार के स्वत्व स्वामित्व संबंधी कोई दावा या किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को कोई या परिवार के किसी सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती शीला बाथम पत्नी श्री गोपाल बाथम अचल संपत्ति भवन को बंधक करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जना स्मॉल फायनेंस बैंक से आवंटित करा रही है।
दिनांक 18.02.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

नाम संशोधन सूचना

मुझ प्रार्थीनी का सही नाम **राजी बाई (RAJI BAI)** है जो कि मेरे पति के पी.पी.ओ. डिस्चार्ज पेपर और आदि दस्तावेजों में दर्ज है। आधार कार्ड में मेरा घरू नाम रज्जो बाई दर्ज है। रज्जो बाई और राजी बाई दोनो ही नाम मुझ एक ही महिला के है। अतः इस सूचना प्रकाशन उपरांत मेरे आधार कार्ड एवं समस्त शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों और आदि में मेरा नाम **रज्जो बाई (RAJJO BAI)** के स्थान पर राजी बाई (RAJI BAI) दर्ज किया जावे व भविष्य में मुझे **राजी बाई (RAJI BAI)** के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।
पुराना नाम- रज्जो बाई (RAJJO BAI)
नया नाम- राजी बाई (RAJI BAI) पत्नि श्री गयाप्रसाद (GYAPRASAD) निवासी- कबीर मंदिर के पास इन्द्रानगर हजीरा ग्वालियर म.प्र.-474003

CHANGE OF NAME & DOB

I Smt Susheela Sharma W/o 644567H EX Sgt Prakash Chand Sharma Resident of 32 Prathvi Nagar Colony Sirol Road Morar Gwalior Hereby Solemnly affirm and declare that I want to Change the spelling of My Name from SMT SUSHILA SHARMA To SMT SUSHEELA SHARMA & DOB From 16 OCT 1961 To 16 AUG 1964 and I am enclosing copy of Adhar Card, PAN Card and PPO issued by DAD as proof.

कार्यालय कलेक्टर जिला अशोकनगर (म.प्र.)

क्र./नजारत/2025-26/निविदा/ 47 अशोकनगर, दिनांक- 11/02/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

कलेक्टर कार्यालय जिला अशोकनगर (म.प्र.) के द्वारा कलेक्टर कार्यालय एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों के लिए फर्नीचर क्रय किये जाने हेतु निम्नानुसार निविदा (BID) GeM पोर्टल के माध्यम से जारी की गयी है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक / BID NUMBER | IT